## प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 15.11.2025**

- **कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही जारी।**
- **थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 24 घण्टे के अन्दर हत्या की घटना में नामित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त उसकी लाइसेन्सी बन्दूक SBBL मय 03 जिन्दा कारतूस 12 बोर व 02 खोखा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 14.11.2025 को वादिनी श्रीमती आशा दीक्षित पत्नी दुर्गा प्रसाद दीक्षित निवासिनी ग्राम जिगनिस थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना डेरापुर पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 14.11.2025 को सुबह लगभग पांच बजे उसके पति दुर्गाप्रसाद दीक्षित पुत्र श्याम नरायन दीक्षित द्वारा वादिनी व उसके पुत्र को गालियां देना, मारपीट करना, पुत्र द्वारा पिता को रोकने पर अपनी लाइसेंसी बन्दूक से पुत्र आयूष दीक्षित की गोली मारकर हत्या कर देना, के सम्बन्ध में थाना डेरापुर पर मु0अ0सं0 0202/2025 धारा 103(1)/115(2)/352 बीएनएस व धारा 30 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना डेरापुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर नामित अभियुक्त दुर्गाप्रसाद दीक्षित पुत्र श्याम नरायन दीक्षित निवासी ग्राम जिगनिस थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात को 24 घण्टे के अन्दर दिनांक 14.11.2025 को रुरा डेरापुर रोड से उमरी बुजुर्ग को जाने वाले चकरोड थाना क्षेत्र डेरापुर से हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तारसुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

दुर्गाप्रसाद दीक्षित पुत्र श्याम नरायन दीक्षित निवासी ग्राम जिगनिश थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात उम्र 53 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण –**

01 लाइसेन्सी बन्दूक SBBL, 03 जिन्दा कारतूस 12 बोर व 02 खोखा कारतूस 12 बोर।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

थाना डेरापुर पुलिस